53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 136 रविवार, 18 मई 2025 ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये



## सीओ सिटी की रिपोर्ट पर अभद्रता करने वाले दरोगा व सिपाही लाइन हाजिर



**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** चैकिंग के दौरान भाजपा नेता से अभद्रता करने के मामले में दरोगा व सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया है। सीओ सिटी की रिपोर्ट पर यह कार्रवाई की गयी है। चार दिन पूर्व शहर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टिल्ला चौकी क्षेत्र में भाजपा अनूसचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सागर अपने परिवार के साथ जा रहे थे। उनके पीछे परिवार को एक युवक बाइक से चल रहा था। पुलिस ने हेल्मेट को लेकर उसे चैकिंग में रोक लिया। चैकिंग में रोकने पर भाजपा नेता व पुलिसकर्मियो के बीच काफी देर तक नोकझोक हुई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में भाजपा नेता ने राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से पूरे मामले की शिकायत की थी। राज्यमंत्री ने मामले से अधिकारियों को अवगत कराया था। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मामले की जांच सीओ सिटी राजू कुमार साव को सौंपी गयी थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर चौकी पर तैनात दरोगा जय शर्मा व सिपाही निशांत को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# जोश व उत्साह के बीच सड़कों पर उतरा जन सैलाब

## ▶ भारत माता की जय और वंदे मातरम के गूंजे जयकारे ▶ आम-ओ-खास के जज्बे का पुष्प वर्षा के साथ किया स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की मौत के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पूर्व में पाकिस्तान को जिस साहस व शौर्य के साथ में करारा जवाब दिया। सेना की इस कार्रवाई से देश का हर नागरिक भारतीय सेना की बहादुरी पर गर्व महसूस कर रहा है और इसके बाद सेना के सम्मान में देशभर में भव्य तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली जा रही है। शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जोश मुजफ्फरनगर की सड़कों पर भी दिखाई दिया। इस बीच अदम्य साहस और शौर्य को समर्पित तिरंगा शौर्य यात्रा नगरपालिका परिषद के मैदान से नगरीय क्षेत्र में निकाली गई। इस बीच माननीय से आमजन तक के हाथ में जहां तिरंगा था, वहीं स्कूली बच्चों के साथ बड़ी संख्या में महिला और पुरुष विशालतम तिरंगे के साथ मुट्ठीबंद हाथ उठाते और जोशीली आवाज में सड़कों पर भारत माता के जयकारों के साथ जय श्रीराम करते हुए निकले।

टाउनहाल प्रांगण से जोशीले अंदाज में प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा में शामिल आम-ओ-खास जोश में दिखाई दे रहा था। टाउनहाल से प्रारंभ तिरंगा यात्रा झांसी की रानी, शिवचौक, भगत सिंह रोड होते हुए सर्राफा बाजार, नावल्टी चौक, अंसारी रोड और मालवीय चौक के रास्ते वापस टाउनहाल मैदान में पहुंचकर ही संपन्न हुई। शहर के मुख्य मार्गों पर देशभक्ति के उमड़े जनसैलाब के बीच इस बार जहां सौ मीटर के तिरंगे के साथ समर्पित युवा की टीम द्वारा करीब 45 मीटर के तिरंगे ध्वज को अपने सिर पर हाथों से उठाने की खातिर युवाओं के साथ समाज के हर वर्ग में होड़ सी नजर आयी। इस बीच सड़कों पर उतरे लोगों ने भारतीय सेना के सम्मान में देशभक्ति के जोशीले नारे लगाए। शौर्य यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय श्रीराम के गगनभेदी नारे और जयकारे गूंजते रहे। इस बीच शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों पर कई स्थानों पर लोगों द्वारा फूलों की वर्षा भी की गई। शौर्य तिरंगा यात्रा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, नगर विधायक व योगी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व मंत्री अनुराधा चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप समेत विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ







प्रबुद्धजन, व्यापारी, भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, विभिन्न स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, भाजपा जन-प्रतिनिधियों के साथ हजारों की संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। नगर की सड़कों पर

शेष : पृष्ठ-4 पर

## सड़क हादसे में महिला हैड कांस्टेबल की मौत

**बुढ़ाना, 17 मई (बु.)।** शामली जनपद के एसपी ऑफिस में तैनात महिला हैड कांस्टेबल प्रीति (28) शनिवार को अपने अधिकारियों से तीन दिन की छुट्टी लेकर कार द्वारा अपनी ससुराल मेरठ जा रही थी। कार चालक बालेश्वर के साथ महिला का पति भूपेंद्र सिंह, उसका बेटा प्रियांक (3) व नौ माह की बेटी प्रीतिका भी साथ में बैठी थी। मेरठ-करनाल हाइवे पर इटावा गांव के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में महिला हैड कांस्टेबल प्रीति की मौके पर मौत हो गई। उसका पति भूपेंद्र सिंह (32) व बेटा प्रियांक तथा बेटी प्रीतिका भी घायल हो गई। कार चालक बालेश्वर भी इस घटना में घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही शामली व बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मेरठ के प्रवेश विहार शास्त्री नगर निवासी महिला के ससुर महाराज सिंह भी मौके पर पहुंच गए। अचेत अवस्था में प्रीति को तथा घायल अवस्था में भूपेंद्र सिंह, प्रियांक, प्रीतिका व कार चालक बालेश्वर को कस्बे की सीएचसी पर भर्ती करवाया गया। सीएचसी पर चिकित्सकों ने प्रीति को मृत घोषित कर दिया।





सभी घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की तहरीर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कोतवाली में दी गई है। घटना से परिवार शोक में डूबा है।

## छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अलमासपुर में बीकॉम की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा का शव मकान के ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में लटका मिला। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया। पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि अलमासपुर निवासी मनोज कुमार की बेटी नेहा बी कॉम की छात्रा थी। शनिवार शाम को सूचना मिली कि छात्रा ने मकान के ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में पंखे से कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को नीचे उतारा। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के समय परिवार के लोग नीचे मौजूद थे। उन्होंने बताया कि छात्रा पिछले काफी समय से तनाव में चल रही थी। उन्होंने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## ईंख के खेत में पड़ा मिला व्यापारी का शव

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना गांव के जंगल में कपड़ा व्यापारी का शव ईंख के खेत में पड़ा मिला। उसके सीने में बायीं ओर गोली लगी हुई थी। पुलिस को मौके से एक तमंचा व मोबाइल पड़ा मिला है। कपड़ा व्यापारी के हाथ पर काली स्याही के निशान मिले हैं। पुलिस का माननना है कि व्यपारी द्वारा आत्महत्या की गयी है। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया था। पुलिस ने व्यापारी के परिजनों से भी वार्ता की। गांव मिमलाना निवासी जितेन्द्र कपड़ा व्यापारी था। शनिवार शाम को उसका शव मिमलाना गांव के जंगल में ईंख के खेत में पड़ा मिला था। उसके सीने में बायीं तरफ गोली लगी थी। शव के पास ही एक तमंचा व मोबाइल पड़ा मिला। शव पड़े होने की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद फोरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया गया। टीम ने





कपड़ा व्यापारी के हाथ व मौके पर पड़े मिले तमंचे का स्वैप लिया है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मानकर चल रही है। सीओ सिटी राजू कुमार साव ने जानकारी देते हुए बताया कि कपड़ा व्यापारी के हाथ पर ब्लैक इंक के निशान मिले हैं। प्रथमदृष्टया यह आत्महत्या प्रतीत हो रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुज़फ्फरनगर को आईआईटी रुड़की ने बनाया वर्चुअल लैब का नोडल सेंटर




### तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुज़फ्फरनगर और आईआईटी रुड़की के बीच एक औपचारिक शैक्षिक सहयोग स्थापित किया गया है।

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए **एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुज़फ्फरनगर और आईआईटी रुड़की के बीच एक औपचारिक शैक्षिक सहयोग (Academic Co-llaboration)** स्थापित किया गया है।

इस सहयोग के तहत **एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, को आईआईटी रुड़की द्वारा वर्चुअल लैब का नोडल सेंटर घोषित किया गया है।** इस अवसर पर आईआईटी रुड़की के वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट **कोऑर्डिनेटर प्रो. आर. एस. आनंद** ने कॉलेज प्रशासन को औपचारिक रूप से प्रमाणपत्र प्रदान किया।

**वर्चुअल लैब** सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा पर राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत विकसित की गई है जिसमें सिमुलेशन और कोडिंग के द्वारा विभिन एक्सपेरिमेंट्स किये जाते हैं।

**प्रो. आर.एस. आनंद** ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दूरदराज क्षेत्रों में तकनीकी संसाधनों को सुलभ कराना है, जिससे प्रत्येक छात्र को उच्च गणवत्ता की प्रयोगात्मक शिक्षा मिल सके।

### IIT रुड़की द्वारा प्रदान किया गया प्रमाणपत्र, छात्रों को मिलेगा अत्याधुनिक डिजिटल प्रयोगशालाओं का लाभ




इस अवसर पर कॉलेज के **सचिव श्री अनुभव कुमार** ने कहा, "यह हमारे संस्थान के लिए गर्व की बात है कि हमें IIT जैसे संस्थान के साथ काम करने का अवसर मिला है। यह सहयोग हमारे छात्रों को वैश्विक स्तर की तकनीकी शिक्षा और संसाधनों से जोड़ेगा। हमारा लक्ष्य है कि हम इस मंच का पूरा लाभ उठाकर छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करें। गत वर्षों में भी हमारे काफी छात्र IIT रुड़की में सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

वहीं, कॉलेज के निदेशक **डॉ. सिद्धार्थ शर्मा** ने कहा कि संस्थान में संचालित विभिन्न कोर्सेंज जैसे कि **बी.टेक** (कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इनफारमेशन टेक्नोलोजी, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग), **एम.टेक** (इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन) व एमबीए (फाइनेन्स, मार्केटिंग, एचआर, इनफारमेशन टेक्नोलोजी, ऑपेरशन मैनेजमेन्ट, इंटरनेशनल बिजनेस) एवम **पॉलिटेक्निक** (कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग) में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को तकनीकी स्तर पर इस साझेदारी का लाभ मिलेगा। IIT रुड़की के साथ यह साझेदारी न केवल हमारे छात्रों को अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं तक पहुँच देगी, तैयार करने में भी सहायक होगी। यह सहयोग छात्रों की नवाचार क्षमताओं को भी प्रोत्साहित करेगा। इस समझौते के माध्यम से एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, के छात्रों को आईआईटी रुड़की द्वारा विकसित वर्चुअल लैब्स का लाभ मिलेगा, जिससे वे अत्याधुनिक तकनीकी प्रयोगों और उपकरणों का डिजिटल अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक समझ और प्रायोगिक दक्षता भी प्रदान करेगी। इस साझेदारी के तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों द्वारा एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, में **वर्चुअल लैब से संबंधित विशेष कार्यशालाएं और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे।** कॉलेज के छात्रों को आईआईटी रुड़की में **इंटर्नशिप** करने का भी अवसर मिलेगा, जिससे वे शोध, नवाचार और उद्योग से जुड़ी भागीदारी कर सकेंगे। यह नोडल सेंटर पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की तकनीकी शिक्षा को नई दिशा प्रदान करेगा, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छात्रों के लिए यह एक बड़ा अवसर होगा।

Congratulations to all successful students of 12th class

College with Potential for Excellence Status Awarded by UGC

D.A.V. COLLEGE

Estd. 1950

Arya Samaj Road, Muzaffarnagar

Affiliated to : Maa Shakumbhari University, Saharanpur

Admission Open Session 2025-26

SELF FINANCED COURSES

Grade 'A' Awarded by NAAC

B.C.A., B.B.A., B.Com., B.F.A.

B.Sc. Biotechnology

M.Sc. Biotechnology, Microbiology, Biochemistry

M.Sc. Computer Science

M.A. English, Economics & Sociology

M.A. Psychology & Drawing & Painting

LL.M. Master of Law

For Admission and Query Please Contact

Office Self Financed Courses

Admission Cell

CONTACT FOR ADMISSION

| | |
|---|---|
| BBA 9759725668, 9690011701 | BCA 8445806146, 9897158098 |
| BFA 9897056084 | B.Com 8439185256, 9045471135 |
| B.Sc. (Biotechnology) 9457938268, 9760838512 | |
| M.Sc. (Biotech, Micro, Biochem) 9457938268 | LL.M. 8864972220 |
| M.Sc. (Comp. Science) 9897158098 | M.A. (Eng.) 9897163223 |
| M.A. (Economics) 7351140334 | M.A. (Sociology) 9897507988 |
| M.A. (Drg. & Ptg.) 9897261508 | M.A. (Psychology) 8439309200 |



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

# नये भारत की महाशक्वियों में बेचैनी

भारत की बढ़ती ताकत से दुनिया की महाशक्तियों में बेचैनी है। भारत-पाक संघर्ष में दुनिया ने देखा कि भारत ने पाकिस्तान की कितनी और कैसे दुर्गति की। अमेरिका के एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान एक डरे हुए कुत्ते की तरह अपनी पूँछ अपनी टांगों में दबा कर सीज फायर के लिए भागा, यह टिप्पणी बहुत कुछ कहती है, जितनी चोट पाकिस्तान को पहुंची है और कुछ ही घंटों में पहुंची है उससे दुनिया को नये भारत की सैन्य शक्ति और सशक्त नेतृत्व का अनुमान हो गया। इसके साथ ही इस नये भारत से महाशक्तियों में बेचैनी होने लगी, जो महाशक्तियाँ नहीं चाहती कि कोई अन्य देश उभरे उन्हें निश्चित ही परेशानी है, बेचैनी है, लेकिन अब उन्होंने महसूस कर लिया है कि हम भारत की स्थिरता और प्रगति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकते। अब भारत हमारी पहुंच से आगे निकल गया, क्योंकि भारत एक आत्मनिर्भर शक्ति के रूप में उभर रहा है और भारत में एक शक्तिशाली कुशल नेतृत्व है। इस तीन-चार दिन के संघर्ष ने पाकिस्तान सहित कई देशों के कई भ्रम दूर कर दिये। अब किसी को कोई मुगालता नहीं रहा। एक विदेशी मीडिया संस्थान, जिसकी दुकान भारत विरोधी एजेंडे के सामान से चलती है, वो इस भारत-पाक संघर्ष के समय बिल्कुल ठण्डा पड़ा है, क्योंकि सच दिखाने या बताने से उसकी दुकान का सामान खराब हो जाता, इसलिए उसे समझ नहीं आ रहा है कि वो क्या करे, वो इधर-उधर के लोगों से बातचीत करके कहानियां गढ़ कर अपना काम चला रहा है। इस संघर्ष में उसकी दुकान ऊँची दुकान फीके पकवान वाली बन कर रह गयी है। इस समय भारत की अच्छी चर्चाओं के बीच ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमन्त्री टोनी ब्लेयर की पिछले साल भारत को लेकर दी गयी भविष्यवाणी अचानक याद की जा रही है। उन्होंने कहा था कि 2050 तक दुनिया में केवल तीन महाशक्तियां ही होंगी, अमेरिका, चीन और भारत। बाकी देशों को इन तीनों देशों के साथ अच्छे रिश्ते बनाकर रखने होंगे, क्योंकि यही तीनों देश सबकुछ तय करने वाले हैं। भारत पर बात करते हुए टोनी ब्लेयर ने कहा था कि, वर्ल्ड इकोनॉमी फोरम, इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड का भी अनुमान है कि इस दशक के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देखा जाए तो भारत पिछले कुछ समय से हर सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है, फिर चाहे वो स्पेस साइंस हो, डिफेंस हो, या फिर अर्थव्यवस्था। दुनिया के कई बड़े संस्थान भारत के काम का डंका मान चुके हैं। इसके अलावा भारत के अमेरिका और रूस दोनों ही से अच्छे रिश्ते हैं। टोनी ब्लेयर ने सुपरपावर देशों को लेकर कहा था कि भारत से आगे सिर्फ अमेरिका और चीन होंगे। दोनों ही देश एक-दूसरे को नीचा दिखाने का एक भी मौका नहीं छोड़ते हैं। दोनों के बीच जियोपॉलिटिकल राइवेलरी अपने चरम पर हैं। इकोनॉमिक और इंडस्ट्रीयल पॉलिसी को लेकर भी दोनों देशों में कई मतभेद हैं। भारत-पाक संघर्ष के बाद उनकी यह भविष्यवाणी खूब वायरल हो रही है। भारत सरकार के एक और कदम का खूब चर्चा हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत सरकार ने विदेश दौरों के लिए सांसदों का प्रतिनिधि मंडल बनाया है, जिसमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम भी है और अपनी पार्टी के खुद एक मात्र सांसद ओवैसी का नाम भी है। कांग्रेस ने सरकार को जो चार नाम भेजे, उनमें थरूर का नाम नहीं था। शशि थरूर का नाम आने से कांग्रेस की अजीब सी हालत है, उसके नेता वही पटरी से उतरी हुई टिप्पणियां कर रहे हैं, जिन पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कांग्रेस पार्टी द्वारा कहा गया कि हम बीजेपी के भीतर प्रतिभा की कमी को पहचानने और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए कांग्रेस के नेता को चुनने के लिए सरकार की सराहना करते हैं, हमें विश्वास है कि शशि थरूर वैश्विक स्तर पर भारत का पक्ष रखेंगे और मोदी सरकार द्वारा की गई गलतियों को सुधारेंगे। यह कांग्रेस की वह खीज है, जो उसके नामों को नकार कर शशि थरूर को चुनने की है। ज्यादातर लोग, ओवैसी और थरूर सहित इस प्रतिनिधि मंडल में शामिल सांसदों के चयन पर खुश हैं, यह सभी सांसद आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता के भारत के कड़े संदेश को दुनिया तक पहुंचाएंगे। भारत की इस रणनीति को पाकिस्तान की इंटरनेशनल इनसल्ट भी कहा जा रहा है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की छवि एक ऐसे नेता की है, जो अपने फैसलों से चौंकाने के लिए जाने जाते हैं। विपक्षी सोच भी नहीं पाते और पीएम मोदी वो कर जाते हैं। शशि थरूर को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने का निर्णय भी कुछ ऐसा ही है। शशि थरूर को करीब से जानने वाले जानते हैं कि उन्हें चुन पीएम मोदी ने कितना बड़ा दांव खेला है। संयुक्त राष्ट्र में काम करने का लंबा अनुभव रखने वाले शशि थरूर कूटनीति के बड़े जानकार हैं। ऐसे में पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब करने में वह अहम रोल निबाह सकते हैं। शशि थरूर को संयुक्त राष्ट्र में काम करने का काफी लंबा अनुभव रहा है। थरूर 2006 में कोफी अन्नान के बाद महासचिव की रेस में थे, लेकिन वह महासचिव नहीं बन पाए। थरूर 2006 में महासचिव की रेस में दूसरे स्थान पर रहे थे। शशि थरूर जानते हैं किस देश की क्या फितरत है और उसे कैसे जवाब देना है। यही वजह है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत और पाकिस्तान के के बीच सीजफायर की घोषणा करने से पहले ही वाहवाही लूटते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, तो थरूर ने पीएम मोदी की चुप्पी का समर्थन किया था। थरूर ने पीएम मोदी की चुप्पी को कूटनीति का हिस्सा बताया था। इससे पहले वह रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर मोदी सरकार की कूटनीति की तारीफ कर चुके हैं। शशि थरूर शुरूआत ही से ऑपरेशन सिंदूर के समर्थक रहे हैं। ओवैसी के बयान भी इन दिनों सराहे जा रहे हैं। उन्होंने कहा था, मैं भारतीय सेनाओं की तरफ से पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमलों का स्वागत करता हूं, पाकिस्तान को ऐसी सख्त सीख दी जानी चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो, पाकिस्तान के आतंकी स्ट्रक्चर को पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद ओवैसी की पूरी छवि बदल गई। इस दौरान उनकी जो छवि सामने आई, उसकी तारीफ भाजपा नेता भी जमकर कर रहे हैं। शायद ही ऑपरेशन सिंदूर से पहले किसी को उम्मीद थी कि ओवैसी, पाकिस्तान को इतनी खरी-खरी सुना सकते हैं। ऐसे में पीएम मोदी ने ओवैसी को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनाकर कोई हैरान करने वाला काम नहीं किया है।

## चार तीर

सुनील उत्सव

'शराबी' 'चरसी' 'शैतां' 'डला'

शराबी हो के चरसी हो, फरेबी हो के झूटा हो,
कोई शैतां सिफत हो या कोई वहशी सा लगता हो।
समझ कर उसकी फितरत को तुम अपना काम ले लेना,
डला भी काम आता है अगर स्टूल हिलता हो।

## स्व. आभा कुलश्रेष्ठ की चौथी पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बुस.)।** आज श्रीराम कॉलेज के सभागार में स्व. आभा कुलश्रेष्ठ सहसंस्थापक श्रीराम चैरिटेबल ट्रस्ट की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर जिला चिकित्सालय के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के सभागार में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र एवं उनसे संबंधित रोगों की जांच के लिये जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा संस्थान में आयोजित इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थी एवं सभी सदस्यों एवं उनके परिवारों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। श्रीराम कॉलेज द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में डॉ. हिमांशु जौहरी, नेत्र परीक्षण अधिकारी, जिला अस्पताल व डॉ. प्रेम, एमएस जिला अस्पताल उपस्थित रहे। नेत्र प्रशिक्षण शिविर में संस्थान के तकरीबन 178 शिक्षकों और 143 विद्यार्थियों समेत कुल 357 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच कराई। स्व. आभा कुलश्रेष्ठ के बड़े पौत्र शुभ कुलश्रेष्ठ ने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा रचित कविता की कुछ पक्तियां पढ़कर माहौल को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के सचिव ई. संकल्प कुलश्रेष्ठ, श्रीराम गर्ल्स कॉलेज की अध्यक्षा मुक्ता कुलश्रेष्ठ, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. एसएन चौहान, श्रीराम कॉलेज आफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. गिरेन्द्र गौतम, श्रीराम कॉलेज की अध्यक्षा डॉ. पूनम शर्मा, श्रीराम कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा, रिसर्च निदेशक एस.आर.जी.सी. डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह के साथ-साथ श्रीराम समूह के सभी निदेशक, प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष तथा शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित सभी शिक्षकों ने स्व. आभा कुलश्रेष्ठ को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# धार्मिक स्थल में चार युवकों की पिटाई का वीडियो वायरल

## - धार्मिक स्थल में एक युवती के साथ रंगरेलियां मनाते पकड़े गए थे चारों युवक



**मीरापुर, 17 मई (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल में कुछ युवकों द्वारा चार युवकों की पिटाई किये जाने का वीडियो वायरल हुआ है, पिटने वाले चारों युवक धार्मिक स्थल में एक युवती के साथ रंगरेलियां मना रहे थे। वायरल वीडियो में युवती चारों युवकों द्वारा धोखे से वहाँ बुलाने की बात कह रही है। शुक्रवार की देर शाम सोशल मीडिया पर मीरापुर क्षेत्र की एक वीडियो वायरल हुई। वायरल वीडियो में कस्बे के एक धार्मिक स्थल (इमामबारगाह) में कई युवक चार युवकों की पिटाई कर रहे हैं तथा गंदी-गंदी गालियां दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिटने वाले चारों युवक धार्मिक स्थल में एक युवती के साथ रंगरेलियां मना रहे थे, जिसकी भनक धार्मिक स्थल के समीप रहने वाले कुछ युवकों को लग गयी, तो उन्होंने युवती व चारों युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। इसके बाद वहाँ हंगामा हो गया तथा मौके पर आए युवकों ने रंगरेलियां मनाने वालों की जमकर पिटाई की। वायरल वीडियो में चेयरमैन मीरापुर व कुछ सभासद भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में चेयरमैन धार्मिक स्थल में रंगरेलियां मनाने वाले युवकों को धार्मिक स्थल की चाबी देने वाले युवकों को फटकार लगाते नजर आ रहे हैं। हालांकि स्थानीय पुलिस इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिलने की बात कह रही है। मामले पर सीओ यतेन्द्र नागर ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है, जो कि मीरापुर के एक इमामबाड़े की है, जिसमें कुछ युवक मारपीट करते नजर आ रहे हैं, उनकी पहचान कराकर विधिक कार्यवाही कराई जा रही है। इस सम्बन्ध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# खाद्य विभाग की टीम ने नगर में चलाया अभियान, मचा हड़कंप

## - टीम ने आइसकैंडी घोल व आइसक्रीम के जब्त किए नमूने - 25 किग्रा कटे-सड़े फलों को कराया टीम ने नष्ट

मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)। भीषण गर्मी के बीच जिले की जनता को शुद्ध एवं स्वस्थ खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम सक्रिय होती नजर आने लगी है। हालांकि टीम की कोई बड़ी कार्रवाई होने के बजाए दिखावा करने के तमाम आरोप लगते रहे हैं। इन्हीं आरोपों से घिरी खाद्य विभाग की टीम बीते कई दिनों से जनपद में लगातार अभियान चलाने में जुटी है। इसी कड़ी में शनिवार को भी भीषण गर्मी के मौसम के बीच में खाद्य पदार्थों में मिलावट के साथ नगरीय क्षेत्र में सड़े, गले और कटे फलों के कारोबार को रोकने के लिए टीम ने अभियान चलाने के साथ सड़क पर उतर जांच पड़ताल की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवकुमार मिश्र ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश तथा डीएम उमेश मिश्रा के निर्देशों के अनुपालन में भीषण गर्मी के मौके पर खाद्य पदार्थ में मिलावट तथा सड़े, गले और कटे फलों की हो रही ब्रिकी को रोकने के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद मुजफ्फरनगर में सहायक आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा अर्चना धीरान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा मैसर्स मान रियलबेस्ट आइसक्रीम जनकपुरी कॉलोनी से छापेमारी करते हुए आइसकैंडी घोल तथा आइसक्रीम का एक-एक नमूना संग्रहित किया। टीम को उक्त प्रतिष्ठान में आइसक्रीम एवं आइसकैंडी बनाने में प्रयोग किए जा रहे पानी की भी जांच कराने एवं प्रतिष्ठान में साफ सफाई ठीक करने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने नगर क्षेत्र में फल विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए लगभग 25 किलोग्राम सड़े, गले और कटे हुए फलों को विनष्ट कराया। साथ ही उक्त संग्रहित नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को जांच हेतु प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि जब्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। छापेमारी के दौरान टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार, विशाल चौधरी व मनोज कुमार सम्मिलित रहे।

# मां-बेटियों ने युवक को ब्लैकमेल कर ठगे 6 लाख रुपये

## - झूठी तहरीरें देकर कई लोगों से भी कर चुकी हैं वसूली

**बुढ़ाना, 17 मई (बु.)।** एक महिला ने अपनी दो पुत्रियों की मदद से संभ्रांत परिवार के एक युवक को ब्लैकमेल कर 6 लाख रुपये ठग लिए। अब महिला ने मुंह मांगी रकम न मिलने पर युवक के विरुद्ध बुढ़ाना पुलिस में तहरीर दी। युवक के घर पुलिस गयी, तो युवक ने सुसाइड करने का ऐलान कर परिजनों को सकते में डाल दिया और फरार हो गया। उधर परिजनों ने मय सबूत के महिला व उसकी दोनों पुत्रियों के विरुद्ध तहरीर देकर पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला चंधेड़ी रोड की आमना की 2 पुत्रियों इशरत व शाकिरा ने मौहल्ले के एक संभ्रांत परिवार के युवक को 3 वर्ष पूर्व अपने प्रेमजाल में फंसाकर ब्लैकमेल कर इन 3 वर्षों में ओनलाइन अलग समयों मे 444 ट्रांजेक्शन से 3 लाख 10 हजार 54 रुपये हड़पकर और रुपये भी अलग समयों में लिए। पहली ट्रांजेक्शन 28 दिसम्बर 2023 व लास्ट ट्रांजेक्शन 11 मई की है। 11 मई से दोनों पुत्रियां फिर से युवक से 3 लाख की मांग कर रही थी, तो उसने देने से मना किया तो दोनों पुत्रियों ने युवक के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने युवक के घर दबिश दी, तो वह डर के चलते फरार हो गया। आरोपी ने परिजनों को फोन पर पूरी घटना बताई और सब 444 ट्रांजेक्शन की डिटेल्स भेजी। युवक ने परिजनों को फोन पर सुसाइड की धमकी दी, तो परिजनों डर गये और उसे समझाकर पुलिस में अपना पक्ष रखने की बात कही। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जता पुलिस को सबूत सौंप महिला के विरुद्ध तहरीर दी है।

# तिरंगा यात्रा का इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स ने किया स्वागत





**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बुस.)।** आज नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसका इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर द्वारा पुष्प वर्षा एवं जलपान वितरण करके भव्य स्वागत किया गया, जिसमें संजीव बालियान को यात्रा में माला एवं पटका पहनाकर इब्जा के सेकेट्री मनोज पुंडीर एवं पूरी टीम द्वारा स्वागत किया गया। इब्जा के जिलाध्यक्ष श्रेय गोयल, कोषाध्यक्ष अभिनव वर्मा, मयंक बंसल, सिद्धार्थ बंसल, गौरव वर्मा, मनोज जैन, सुशील गर्ग, संजीव बंसल, मनोज वर्मा, प्रदीप मित्तल, राजकुमार, नमन वर्मा, सक्षम वर्मा, अनिमेष वर्मा एवं पूरी टीम द्वारा सभी तिरंगा यात्रा के मेहमानों का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

## भड़काऊ भाषण के मामले में रिटायर्ड सिपाही के बयान दर्ज, अगली सुनवाई अब 2 जून को

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** नंगला मंदौड़ में हुई पंचायत के मामले में भड़काऊ भाषण देने के मामले में एक रिटायर्ड सिपाही के बयान दर्ज हुए। उसने अपने बयानों में स्वीकारा कि पंचायत में भड़काऊ भाषण दिए गए थे। बयान पूरे न होने पर सुनवाई के लिए 2 जून की तिथि नियत की गयी है, वहीं निजी परिवाद मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले में भी 2 जून की तिथि नियत की गयी है। सिखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगला मंदौड़ के मैदान में 31 अगस्त 2013 को एक पंचायत का आयोजन किया गया था। पंचायत में नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे। पुलिस की ओर से भड़काऊ भाषण के मामले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंदु, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व विधायक उमेश मलिक, साध्वी प्राची, श्यामपाल चेयरमैन, मिंटू, योगेश, सचिन, बिट्टू सिखेड़ा, शिवकुमार, वीरेन्द्र प्रमुख के साथ-साथ 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में वीरेन्द्र प्रमुख की मौत हो चुकी है, जबकि आरोपी शिवकुमार की फाइल अलग कर दी गई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि शनिवार को भड़काऊ भाषण मामले में रिटायर्ड सिपाही भिखारी सिंह के बयान दर्ज कराए गए। बयान पूरे न होने पर कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए 2 जून की तिथि नियत की है। वहीं निजी परिवाद के मामले में सांसद हरेन्द्र मलिक, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत 21 के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया गया था। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। सुनवाई के लिए 2 जून की तिथि नियत की गयी है। कोर्ट में श्यामपाल चेयरमैन, योगेश, कल्लू, सचिन, मिन्टू व रविन्द्र पेश हुए थे। अन्य सभी की तरफ से हाजिरी माफी के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है।

आखिरी मौका आखिरी मौका आखिरी मौका

फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों

किसी भी बोर्ड (U.P. Board, NIOS, CBSE Board) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी

NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।

दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।

किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी

वर्ष बचायें

सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ

के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें।

वर्ष बचायें

COURSE OFFERED

B.A. B.Sc. B.Com. M.A.

M.Sc. M.Com. B.B.A. B.C.A.

M.B.A. M.C.A. B.Lib. M.Lib. PGDCA

अधिकृत अध्ययन केन्द्र

अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन

शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा मुजफ्फरनगर

विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें

NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें

Phone No. : 0131-2615405, 2433717,
M. 9837640120, 9837108280

नोट : टीचर्स की आवश्यकता है

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2021, अनुक्रमांक 210514825 तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2023, अनुक्रमांक 2235450755 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं।

**हिमांशु कुमार**
पुत्र देवेन्द्र कुमार
निवासी-ग्राम बढ़ीवाला,
जिला-मुजफ्फरनगर

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-15237 दिनांक 11/12/2024 में गलती से माता का नाम मुस्कान (MUSKAN) अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम मुस्कान दुआ (MUSKAN DUA) है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अमन दुआ**
357/2-गुरूद्वारा वाली गली,
नुमाइश कैम्प, मुजफ्फरनगर

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या बी-2018:9-90020-000960 दिनांक 06-02-2018 में गलती से माता का नाम पायल अंकित कराया गया था, जबकि वास्तविक नाम पायल गुप्ता है। भविष्य में माता का नाम इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**मयंक शर्मा**
8-दीपचन्द्र कॉलोनी, निकट-
द्वारकापुरी, मुजफ्फरनगर

URGENTLY REQUIRED

- Legal Head For Recovery - 1 Nos
- Marketing Executives - 2 Nos
- Branch Managers - 3 Nos
- Accountants - 2 Nos

Educational Qualification and Experience:-

- Experience 5 Years- Preferably In Banking Sector Or In Commercial Organization
- MBA, CA, CA Inter

Please Share your resume at sanjivkailash@gmail.com or
Whatsapp@ + 91- 7088001700

आवश्यकता है

1. भोपा रोड पर स्थित पैट्रोल पम्प पर सेल्स मैन की, वेतन योग्यतानुसार।
2. दो टैंक लगभग 10MM चादर के बिकाऊ हैं।
   - 45000 लीटर क्षमता
   - 25000 लीटर क्षमता
3. वकील रोड पर स्थित मेहता कलब के पास 1st Floor पर 4 Bed Room व 2nd Floor पर 3 Bed Room किराये हेतु उपलब्ध है, व्यावसायिक प्रांगण के लिए भी हो सकता है।

Contact: 9528033824, 7417184585

## हेली एम्बुलेंस में तकनीकी खराबी, पायलट ने कराई सुरक्षित लैंडिंग



रुद्रप्रयाग/देहरादून, 17 मई (वार्ता) श्री केदारनाथ धाम में शनिवार को एक मरीज को रेस्क्यू करने पहुंचे संजीवनी हेली एंबुलेंस को आपातकाल लैंडिंग करनी पड़ी। पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। हेली एम्बुलेंस में एम्स, ऋषिकेश से आई मेडिकल टीम भी सवार थी। सफल आपातकाल लैंडिंग के चलते पायलट सहित मेडिकल की टीम सुरक्षित है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, हेली सेवा, राहुल चौबे ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम में दर्शन को पहुंची एक महिला श्रद्धालु को सांस लेने में अधिक समस्या होने लगी। तबियत ज्यादा बिगड़ती देख राज्य सरकार की हेली एंबुलेंस सेवा संजीवनी की मदद ली गई। हेली में एम्स से मेडिकल टीम भी साथ केदारनाथ पहुंच रही थी, जिसमें एक डॉक्टर एवं एक नर्सिंग स्टाफ शामिल था। केदारनाथ के मुख्य हेलीपैड पर लैंडिंग से पहले ही हेली में कुछ तकनीकी खराबी आ गई। जिसे समय पर भांपते हुए पायलट ने हेलीपैड से ठीक पहले समतल स्थान पर लैंडिंग करना उचित समझा। लैंडिंग के दौरान हेली एम्बुलेंस का टेल रोटर टूट गया। पायलट की सूझबूझ से सफल आपातकाल लैंडिंग हो सकी और हेली में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। हालांकि हेली का टेल रोटर टूट गया है। इस पूरे मामले की तकनीकी जांच डीजीसीए द्वारा की जाएगी।

## मुजफ्फरनगर की ओमवीरी की बड़ौत में सिर पर बोतल मारकर हत्या, आरोपी फरार



**बागपत, 17 मई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बड़ौत में गुराना रोड पर शुक्रवार रात एक दुखद घटना में डेढ़ लाख रुपये के कर्ज को लेकर एक महिला की हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान 50 वर्षीय ओमवीरी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हसनपुर, मुजफ्फरनगर की रहने वाली थी और वर्तमान में गुराना रोड पर अपने परिवार के साथ रह रही थी। ओमवीरी के बेटों ने कुछ समय पहले गांव के ही कुछ लोगों से डेढ़ लाख रुपये उधार लिए थे और इसी महीने लौटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन शुक्रवार रात चार से पांच युवक उनके घर पहुंचे और रकम की मांग को लेकर विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि उन्होंने लाठी-डंडों और बोतल से हमला कर दिया, जब शोर सुनकर ओमवीरी मौके पर पहुंचीं तो हमलावरों ने उनके सिर पर बोतल से वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। सीओ विजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## पाकिस्तान हाई कमीशन में डिनर तो पाक अधिकारी के साथ बाली की यात्रा... कौन है जासूसी की आरोपी ज्योति मल्होत्रा




**हिसार, 17 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों से संपर्क और भारत की संवेदनशील जानकारियां साझा करने के आरोप में हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को उसे न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस को पांच दिन की रिमांड मिली है। अब उसे 22 मई को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। सुरक्षा एजेंसियों को ज्योति मल्होत्रा के लैपटॉप और मोबाइल से अहम सुराग मिले हैं। सोशल मीडिया पर ज्योति मल्होत्रा एक लोकप्रिय नाम है और उसके लाखों फॉलोअर्स हैं। डीएसपी हेडक्वार्टर हिसार कमलजीत ने मीडिया को बताया कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान ज्योति का लैपटॉप और मोबाइल जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में इन डिवाइसों से यह संकेत मिले हैं कि वह पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेज रही थी। बरामद डाटा की फोरेंसिक जांच जारी है और कई अहम सुराग मिले हैं। ज्योति को 15 मई को डीएसपी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में उसके निवास स्थान से हिरासत में लिया गया था। पूछताछ अब इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ज्योति पिछले कुछ वर्षों से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी और सोशल मीडिया के जरिए भारत के खिलाफ दुष्प्रचार के साथ-साथ संवेदनशील जानकारियां भी साझा कर रही थी। 33 वर्षीया ज्योति हिसार की न्यू अग्रसेन कॉलोनी की निवासी है। उसने बीए तक की पढ़ाई की है और अविवाहित है। ज्योति मल्होत्रा का ‘ट्रैवल विद जो’ के नाम से यूट्यूब चैनल है। यूट्यूब पर ज्योति के चैनल को 3.77 लाख लोगों ने सब्सक्राइब किया है। साथ ही वह इंस्टाग्राम पर 1.33 लाख और फेसबुक पर 3.21 लाख फॉलोअर्स हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार वह तीन बार पाकिस्तान जा चुकी है, दो बार श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ और एक बार करतारपुर साहिब के दर्शन के लिए। 2023 की यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात पाकिस्तान हाई कमीशन के कर्मचारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से हुई थी, जिससे उसके करीबी संबंध बन गए। इसी माध्यम से उसकी पहुंच आईएसआई एजेंट्स तक हुई। वह न केवल पाकिस्तान के पक्ष में सोशल मीडिया पर सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने संवेदनशील जानकारियां भी साझा कीं। ज्योति को दानिश और उसके सहयोगी अली अहसान के जरिए पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों से मिलवाया गया, जिन्होंने पाकिस्तान में उसके आने-जाने और रहने की व्यवस्था कराई। उसने अली अहसान और शाकिर उर्फ राणा शहबाज (जिसका नाम उसने अपने फोन में 'जट्ट रंधावा' नाम से सेव किया था) से भी मुलाकात की। पाकिस्तान के लोगों से ज्योति मल्होत्रा की करीबी का आलम ये था कि उसे पाकिस्तान के नेशनल डे पर पाकिस्तान हाई कमीशन में निमंत्रित किया गया था।

## कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इण्टर कालेज मुजफ्फरनगर

की स्वीकृत प्रशासन योजनानुसार प्रबन्ध समिति के त्रैवार्षिक चुनाव की सूचना

दिनांक- 25/03/2025

विद्यालय की साधारण सभा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान प्रबन्ध समिति का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। अतः प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक-25/03/2025 में लिए गये सर्वसम्मत निर्णय व जिला विद्यालय निरीक्षक, मुजफ्फरनगर के पत्र दिनांक- 08/05/2025 के अनुसार **चुनाव अधिकारी श्री संदीप कुमार कौशिक स.अ. राजकीय हाईस्कूल, रसूलपुर, मुजफ्फरनगर** की अध्यक्षता में निम्नलिखित कार्यक्रम चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होनी निश्चित हुई है। मतदाता सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

| क्र०स० | कार्यक्रम | दिनांक | दिन | समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मतदाता सूची का प्रकाशन, आपत्ति एवं निस्तारण | 13/06/2025 | शुक्रवार | प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक |
| 02 | नामांकन पत्रों का भरा जाना | 14/06/2025 | शनिवार | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक |
| 03 | नामांकन पत्रों की जांच | 14/06/2025 | शनिवार | मध्याह्न 12 बजे से 2 बजे तक |
| 04 | प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन | 14/06/2025 | शनिवार | दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक |
| 05 | नामांकन पत्रों पर आपत्तियां | 15/06/2025 | रविवार | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक |
| 06 | आपत्तियों का निराकरण | 15/06/2025 | रविवार | मध्याह्न 12 बजे से 1 बजे तक |
| 07 | नामांकन पत्रों का वापस लेना | 15/06/2025 | रविवार | प्रातः 1:30 बजे 3 बजे तक |
| 08 | प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन | 16/06/2025 | सोमवार | प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक |
| 09 | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) | 18/06/2025 | बुधवार | प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक |
| 10 | मतगणना कप परिणाम | 18/06/2025 | बुधवार | मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात |

**आवश्यक टिप्पणी-**

1- उपर्युक्त सभी कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होंगे ।
2- नामांकन पत्र विद्यालय में चुनाव अधिकारी से दिनांक-14/06/2025 दिन शनिवार को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक निर्धारित शुल्क 200/- रु. देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।
3- नामांकन पत्र (नाम वापिस हेतु) वापिस लेने का प्रार्थना पत्र और नामांकन पत्र पर आपत्तियों के लिए पत्र चुनाव अधिकारी को देकर रसीद प्राप्त कर लें।
4- मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो) गुप्त मतदान प्रणाली के द्वारा होगा।
5- निर्वाचन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, उपप्रबन्धक, कोषाध्यक्ष तथा 7 सदस्यों का किया जायेगा। उपरोक्त सभी साधारण सभा के सदस्यों में से चुने जायेंगे।
6- मतदान के तुरन्त बाद मतगणना की जायेगी तथा उसी दिन मतगणना के परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे।

(संदीप कुमार कौशिक )
चुनाव अधिकारी
स.अ. राजकीय हाईस्कूल, रसूलपुर,
मुजफ्फरनगर

### सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 17 मई, (बु.)।
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 95,250 | चांदी- | 97000 |
| सिक्का- | 1100 | गिन्नी- | 70990 |

# मेट्रो की छत उड़ी, दीवार गिरने से 3 की मौत... दिल्ली में तेज आंधी-बारिश



**नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसी)।** दिल्ली में शनिवार दोपहर बाद आई तेज आंधी और बारिश से कई जगहों से क्षति की सूचना सामने आ रही है. दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड मेट्रो के न्यू अशोकनगर स्टेशन की छत उड़ गई। तेज आंधी में मेट्रो की छत पर मौजूद टीन दूर-दूर तक उड़ गए. कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। वहीं सेंट्रल दिल्ली के नवी करीम इलाके के आराकसा रोड में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई। इसके मलबे में दबने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। नवी करीम इलाके में दीवार गिरने की सूचना पर स्थानीय पुलिस और राहत-बचाव दल की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद यहां रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान मलबे के नीचे से दो लोगों के शव मिले, जबकि 4 लोग घायल मिले। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यहां यह एक श्री साइड होटल बन रहा था, जिसके बेसमेंट में निर्माण कार्य चल रहा था। आज अचानक आई भीषण आंधी और बारिश के चलते अचानक बेसमेंट की दीवार गिर गई, जिसमें 6 लोग दब गई और दो लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी को रेस्क्यू कर लिया है। घायलों का इलाज जारी है। नवी करीम के अलावा दिल्ली के अशोक नगर से भी आंधी के कारण क्षति की सूचना सामने आई है। शनिवार शाम आई तेज बारिश में नमो भारत के न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन को भारी नुकसान पहुंचा है। आंधी में मेट्रो स्टेशन की छत के परखच्चे उड़ गए हैं, जो दूर-दूर तक जा गिरा है। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और स्टेशन की मेंटेनेंस करने वाली टीम मौके पर पहुंच गई है और राहत बचाव कार्य चल रहा है। स्टेशन की छत के मलवे को इकट्ठा किया जा रहा है। एहतियात के तौर पर न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर ट्रेन का परिचालन रोक दिया गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया तेज आंधी की वजह से न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन की छत के ऊपर लगा टीन का सेट उड़ गया, जो काफी दूर-दूर तक उड़ गया। आसपास मौजूद लोग किसी तरीके से भाग कर अपनी जान बचाई। न्यू अशोक नगर स्टेशन पर छत उड़ने के कारण स्टेशन को बंद दिया गया है। इसके अलावा कनॉट प्लेस इलाके में कई पेड़ गिर गए।

# मिशन 'पाक बेनकाब' पर 7 डेलिगेशन के ये हैं 7 लीडर




नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसी)। भारत पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को वैश्विक मंच पर उजागर करने की रणनीति पर काम कर रहा है। अब भारत 'आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के संदेश के साथ' सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश में भेजने जा रहा है। दुनिया के अलग-अलग देशों का दौरा कर सांसदों का यह प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब करेगा। सांसदों के 7 डेलिगेट्स में सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के सांसद भी शामिल होंगे। चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता, जबकि तीन की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे। सरकार ने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने के लिए जिन नेताओं का चयन किया है, उनमें सत्तारूढ़ दल भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और आरजेडी के संजय झा शामिल हैं तथा विपक्षी दलों से कांग्रेस के शशि थरूर, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोई की सुप्रिया सुले शामिल हैं।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# जब तक हर चौराहे पर हो रहे आम आदमी का उत्पीड़न बंद नहीं होगा, तब तक इसी बेबाकी से चलती रहेगी 'बुलेटिन' की कलम की धार

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** भाजपा नेता अजय सागर प्रकरण में जैसे ही सब इंस्पेक्टर व सिपाही निलम्बित हुए तो बुलेटिन कार्यालय पर बधाई के लिए फोन आने लगे। इस पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक ने भाजपा के ही कार्यकर्ताओं को बताया कि यह मुद्दा सिर्फ किसी एक भाजपा नेता का मुद्दा नहीं है, यह ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे उन गरीब ग्रामीणों की पीड़ा है जो हरेक चौराहे पर इस सरकार में खुलकर ठगे जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के हैलमेट पहने व्यक्ति को जैसे ही यातायात व मुजफ्फरनगर पुलिस आता देखती है तो उसे ऐसे घेरकर खड़े हो जाती है, जैसे उसने कोई अपराध किया हो। तीन-तीन, चार-चार सिपाही हाथ पकड़कर-पकड़कर ग्रामीणों को घेरती दिखाई पड़ती है। यह नजारा नेताओं के अलावा सारी दुनिया को दिखाई देता है। इस बात का साक्षात्कार नगर के 10 हजार से ज्यादा आदमी देने को तैयार हैं कि किस तरह से हरेक चौराहे पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले गरीब लोगों का मानसिक, आर्थिक शोषण चालान काटने के नाम पर हो रहा है। शहर से ग्रामीणों ने व्यापार करना लगभग-लगभग बंद कर दिया है। मजबूरीवश कोई ग्रामीण आ भी जाता है, तो वह बाईपास से लेकर किसी भी चौराहे पर घेर लिया जाता है, बेशक उसने हैलमेट पहना हो मगर ट्रैफिक विभाग द्वारा कोई न कोई कमी कागजों में यहां तक कि रबड़ की चप्पलों में निकालकर उसका 500-700 रुपये का चालान काट दिया जाता है। और वहीं से निराश होकर अधिकांश ग्रामीण वापस लौट जाते हैं और दोबारा आने की हिम्मत तक नहीं करते। ऐसे में नगर के व्यापारियों का आधार व्यापार चौपट हो चुका है और नेता जब चाहें इस बात का साक्षात्कार स्वयं व्यापारियों से ले लें। यदि नेताओं को यह साक्षात्कार देते हुए व्यापारी डरें तो बुलेटिन के कैमरे पर जिस दिन चाहें, दूध का दूध, पानी का पानी कराया जा सकता है। आज से पहले भी बहुत सरकारें दुनिया ने देखी हैं, मगर रोजाना लाखों रुपये के चालान कटते और अपने आपको पुलिस से ऐसा घिरता शायद ही किसी ने देखा हो। सरकारें सिर्फ नेताओं ने नही आम जनता ने भी सभी शासनों की देखी हैं, मगर सड़क पर चल रहे आम आदमी की दुर्दशा ऐसी न बसपा सरकार में देखी होगी न सपा में और न कांग्रेस में। सभी प्रकार के शोषण के नजारे इसी सरकार में देखने को मिल रहे हैं। सिर्फ हिन्दुत्व के नाम पर और मोदी योगी के नाम पर आम आदमी इस सरकार को वोट देने को मजबूर है, उसी का लाभ लेते हुए सबकुछ नजरअंदाज किया जा रहा है। इसी आड़ में हरेक विभाग जिस तरह चाहता है, आम आदमी का खुलकर उत्पीड़न करता है। विभागों को भी पता है कि सरकार को भारी भरकम राजस्व देकर किस तरह से खुश किया जाता है, बेशक इन उत्पीड़नों के कारण भाजपा सरकार से लोगों का मन खंडित होता हो तो होता रहे।

## बधाई आप अपने नेताओं को ही दीजिए, बुलेटिन तो बिना बधाई के भी आम आदमी की पीड़ा उठाता रहेगा

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** बुलेटिन का अनुरोध है कि जो लोग बुलेटिन को एक सब इंस्पेक्टर व एक सिपाही के लाइन हाजिर होने की बधाई दे रहे हैं, वह यह बधाई अपने नेताओं को ही दें, क्योंकि बड़ी मुश्किल से वर्षों बाद एक भाजपा नेता का सम्मान बच पाया है। 36 घंटे बाद ही सही कम से कम परिवार के बीच खुले चौराहे पर अपमानित हुए अजय सागर का सम्मान उक्त दोनों पुलिसकर्मियों के लाइन हाजिर होने से बच गया है। कई वर्षों बाद कार्यकर्ता का सम्मान बचने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और इसी के साथ-साथ भाजपा से जुड़े आम आदमी बुलेटिन को भी इसका श्रेय दे रहे हैं। आमजन का कहना है कि बुलेटिन के अलावा किसी ने इस आवाज को नहीं उठाया और अपने समाचार पत्र व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रमुखता से प्रथम पृष्ठ पर इस समाचार को प्रकाशित किया। इसी कारणवश प्रशासन के कान खड़े हुए और भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता दिखाई दिया। बुलेटिन ऐसे में आम आदमी व भाजपा कार्यकर्ताओं से एक बार फिर आग्रह करता है कि अच्छे कार्यों का श्रेय लेने के लिए नेता ही काफी हैं, हमें तो सामान्य रूप से जनहित में सेवा करनी है।

शेष : जोश व उत्साह के बीच....



निकली इस शौर्य तिरंगा यात्रा के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। तिरंगा यात्रा में भाग लेने वाले सभी नागरिक भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पूर्व में पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई की प्रशंसा कर रहे थे। इस दौरान शौर्य तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, राजीव गर्ग, मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, डॉ. संदीप शर्मा, श्रीमोहन तायल, स. सुखदर्शन सिंह बेदी, ज्ञान चन्द सिंघल, दीपक मित्तल, विपुल भटनागर, अजय सागर, शेखर राजपूत, अशोक बाटला, सुधीर खटीक, नमन मित्तल एड, गीता जैन, शालनी शर्मा, ऋतु त्यागी, बॉबी ठाकुर, सरिता शर्मा अरोरा, ममता बालियान, सुनीता शर्मा, शलभ गुप्ता, सुनील तायल, शरद शर्मा, पुनीत वशिष्ठ, पवन अरोड़ा, व्यापारी नेता राहुल गोयल, शलभ गुप्ता, सुनील तायल, जगदीश पांचाल, विजय वर्मा, संजीव संगम, कन्हैया शर्मा, गौरव मुंडे, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिग से अश्लील छेड़छाड़ मामले में आरोपी को तीन साल की कैद व चार हजार का अर्थदण्ड

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** नाबालिग से अश्लील छेड़छाड़ के मामले में पोक्सो एक्ट न्यायालय ने आरोपी को तीन साल की सजा व 4 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। एडीजीसी विक्रांत राठी और दीपक गौतम ने बताया कि पुरकाजी थाने में 4 दिसंबर 2023 को अश्लील छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। आरोप था कि आरोपी नदीम ने पीड़िता के साथ घर में ले जाकर अश्लील छेड़छाड़ की और शराब पिलाने की कोशिश की। वह किसी तरह आरोपी को धक्का देकर फरार हो गयी। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट में हुई। आरोप को साबित करने के लिए अभियोजन की तरफ से पांच गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा व 4 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## मामूली बात को लेकर दो पक्षों में चले लठ

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** मदीना कॉलोनी में मामूली बात को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति के सिर में चोट लगने से वह घायल हो गया। पीड़ित पक्ष ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मदीना कॉलोनी निवासी असद त्यागी का शनिवार को किसी बात को लेकर कॉलोनी के ही दूसरे पक्ष के लोगों से विवाद हो गया था। विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में वह घायल हो गया। इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर शोएब, जैद समेत एक अन्य युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## धर्म परिवर्तन व दुष्कर्म के फर्जी मुकदमे की आरोपी युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** धर्म परिवर्तन व दुष्कर्म के फर्जी मुकदमे में पुलिस ने वादी मुकदमा युवती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शहर कोतवाली पुलिस इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आपको बता दें कि 20 अप्रैल को हरिद्वार जनपद के बहादराबाद निवासी युवती ने शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मुलाकात बाबर निवासी गोपाली थाना देवबंद से हुई थी। आरोप था कि बाबर ने अपना धर्म छिपाकर अपना नाम सोनू उसे बताया था। उसके बाद आरोपी ने प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर उसे शहर के लद्दावाला मोहल्ले में लाकर दुष्कर्म किया था और उसने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली थी। युवती का आरोप था कि युवक उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसका धर्मपरिवर्तन कराया गया। सीओ सिटी राजू साव ने बताया कि मामले की विवेचना में पूरा मामला फर्जी पाया गया। बाबर को ब्लैकमेल कर वसूली करने के लिए उसके जीजा ने पूर्व प्रधान व युवती के साथ मिलकर साजिश रची थी। पुलिस ने इस मामले में बाबर के बहनोई शाहनवाज निवासी दधेड़ू व पूर्व प्रधान सदाकत को जेल भेज दिया था। अब इस मामले में मुकदमा लिखाने वाली डॉली को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## दिल्ली में आप के 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली, 17 मई (वार्ता)** आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेतृत्व से नाराज 15 निगम पार्षदों ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। आप के वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने कहा, '' हमारे 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है और अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई है। पिछले ढाई साल में हम लोगों का काम नहीं कर पाये। हमारा पूरा समय लड़ाई-झगड़े में बीता है। '' पार्षदों के इस्तीफे में कहा गया है कि हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी के टिकट से चुने गये थे, लेकिन 2022 में दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व निगम को सुचारु रूप से चलाने में असमर्थ रहा। शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गयी।

## एसआइए ने कश्मीर में संदिग्ध आतंकी ठिकानों पर कई स्थानों पर छापेमारी की

**श्रीनगर, 17 मई (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी ने संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, ''मध्य और उत्तरी कश्मीर के जिलों में चल रही छापेमारी क्षेत्र में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है।'' यह घटनाक्रम एसआइए द्वारा 11 मई को दक्षिण कश्मीर में लगभग 20 स्थानों, विशेष रूप से पुलवामा, शोपियां, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में किए गए हाल ही में किए गए छापों के बाद हुआ है। पहले की ये छापेमारी आतंकी साजिश मामले की एक उच्च-दांव जांच का हिस्सा थी, जिसमें कथित स्लीपर सेल पाकिस्तान में हैंडलर के संपर्क में पाए गए थे।

# निर्वाल हॉस्पिटल पर एमडीए ने की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**▶ स्थानीय लोग दिखे कार्रवाई से असंतुष्ट, उठाए सवाल ▶ आवासीय कॉलोनी में नर्सिंग होम को लेकर चल रहा विवाद**

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** नगर के सरकुलर रोड पर स्थित निर्वाल हॉस्पिटल पर स्थानीय लोगों की ओर से शिकायत के आधार पर मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की टीम ने कार्रवाई करते हुए नवनिर्मित भवन के कुछ भाग को ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि एमडीए द्वारा संकेत रूप में ही कार्यवाही की गई, लेकिन इस दिशा में हॉस्पिटल प्रबंधन को उक्त नव निर्माण को समय रहते न हटाने की स्थिति में कार्रवाई के संकेत दिए गए। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद एमडीए ने जांच कर हॉस्पिटल के नवनिर्मित हिस्से को अवैध करार दिया और इसे ध्वस्त करने का आदेश दिया था।

नगर के सरकुलर रोड पर बीते कुछ वर्षों से अस्तित्व में आए निर्वाल हॉस्पिटल को लेकर कई माह से स्थानीय लोगों द्वारा डीएम समेत अन्य अधिकारियों से क्षेत्र की उक्त समस्या से मुक्ति दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रबंधन पर आरोप है कि आवासीय क्षेत्र में हॉस्पिटल नियमों को ताक पर रखकर संचालित किया जा रहा था, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा हो रही थी। शनिवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए मौहल्ला निवासी प्रभात पंवार ने मीडिया को बताया कि हम इस कॉलोनी में वर्ष 1976 से यहां पर रह रहे हैं, लेकिन जब से यह हॉस्पिटल बना है, तब से इस क्षेत्र की न केवल शांति भंग हो गई है, अपितु इस ओर से अब महिलाओं व लड़कियों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हॉस्पिटल से निकलने वाले तमाम मेडिकल वेस्ट को जहां सड़क पर फेंक दिया जाता है वहीं यहां पर भर्ती मरीजों के परिजन सड़क व घरों के बाहर गंदगी फैलाते रहते हैं, जिससे स्थानीय लोगों को न सिर्फ स्वास्थ्य संबंधी खतरा बना रहता है वहीं इस दौरान तमाम सामाजिक दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है। प्रभात पंवार ने बताया कि कि हॉस्पिटल से आहत स्थानीय लोगों ने डीएम, एमडीए और कमिश्नर सहारनपुर मंडल तक शिकायत दर्ज कराई, तब कहीं जाकर हरकत में आई एमडीए ने पूरी जांच कर 25 दिन पहले हॉस्पिटल को स्वयं विध्वंस करने का समय दिया था। उनका कहना है कि समय सीमा समाप्त होने पर एमडीए की टीम शनिवार को मौके पर पहुंची और हॉस्पिटल के कुछ अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाल हॉस्पिटल पर होने वाली इस कार्रवाई पर कहीं से भी कोई स्टे नहीं मिला है, लेकिन एमडीए ने मात्र प्रतीकात्मक ध्वस्तीकरण किया है जिसके लिए जेई मात्र दो-तीन मजदूर लेकर आए थे। उन्होंने एमडीए की कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हुए मामले में जल्द अधिकारियों को शिकायत करने की चेतावनी दी।





# मामूली कहासुनी खूनी विवाद में बदली, फावड़े से वार कर बुजुर्ग महिला की हत्या

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** जिले के कादीपुर गांव में शनिवार को मामूली कहासुनी ने उस समय भयावह रूप ले लिया, जब बुजुर्ग महिला कलावती (72) की पड़ोसी ने फावड़े से हमलाकर हत्या कर दी। पता चला है कि आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। शनिवार सुबह किसी बात को लेकर कलावती देवी की पड़ोसी से कहासुनी हो गई थी। गांववालों ने विवाद को शांत करा दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद पड़ोसी युवक अचानक फावड़ा लेकर आया और महिला के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन मेरठ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। भोपा थाना पुलिस के मुताबिक, आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया गया है, फिर भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और चिकित्सकीय इतिहास के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर पुलिस ने घटना के मात्र दो घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है। घटना सुबह 6:30 बजे की है, जब ग्राम कादीपुर निवासी 60 वर्षीय श्रीमती कलावती, पत्नी स्व. तिरतू, अपने घर के पास गली में बैठी थीं। उसी समय मोहल्ले में ही रहने वाला युवक सुशील उर्फ भूरा पुत्र पूरण सिंह, कलावती से किसी बात पर उलझ पड़ा और गाली-गलौच करने लगा। जब कलावती ने उसे ऐसा करने से टोका तो सुशील गुस्से में अपने घर गया और वहां से एक फावड़ा उठाकर लौटा। उसने कलावती के सिर पर जानलेवा हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना ग्राम के चौकीदार सागर पुत्र श्याम सिंह द्वारा थाना भोपा को दी गई। सूचना के आधार पर थाना भोपा में मु0अ0सं0 162/25, धारा 109(1)/115(2)/352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण एवं अन्य उच्चाधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने महज दो घंटे के भीतर आरोपी सुशील को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के समय हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुशील उर्फ भूरा पुत्र पूरण सिंह से एक फावड़ा (आलाकत्ल)भी बरामद किया गया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सुमित चौधरी, कांस्टेबल अजीत सिंह शामिल रहे।



# 49,15,20,000 रुपये के स्टांप पेपर किए आग में स्वाह

**कोषागार में अब पांच हजार तक के स्टांप पेपर रखे सुरक्षित**

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय परिसर में शनिवार को गठित समिति की मौजूदगी में 49 करोड़ 15 लाख 20 हजार रुपये के स्टांप पेपर आग में जलाकर नष्ट किए गए। समिति ने स्टांप पेपर जलाने से पूर्व रिकार्ड के लिए सीरियल नंबर से उनका मिलान किया। इसके बाद कोषागार कार्यालय परिसर के खाली स्थान पर डालकर आग के हवाले कर दिया। इस दौरान सुरक्षा दृष्टिकोण से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौजूद रही। इसके साथ पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वरिष्ठ कोषाधिकारी कक्ष में शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे 6 सदस्यीय गठित टीम पहुंची। इसमें एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार अध्यक्ष, प्रभारी वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रुति गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, सीएफओ अनुराग सिंह, एआइजी स्टांप, सीओ आदि सदस्य कमेटी के सामने 10 हजार से 25 हजार के स्टांप पेपर की गिनती की गई। इस बीच स्टांप पेपर की गिनती का मूल्य 49 करोड़ 15 लाख 20 हजार रुपये रहा। इसके बाद कोषागार के पास खाली जगह में स्टांप पेपर पर ज्वलंतशील पदार्थ डालकर आग लगाई गई। एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में वीडियोग्राफी कराई गई। इसमें दस हजार से 25 हजार के सभी स्टांप पेपर में लगी आग से पूरी तरह राख होने तक अधिकारी मौजूद रहे। वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रुति गुप्ता ने बताया कि 10 हजार से 25 हजार रुपये तक के सभी स्टांप पेपर आग में जलाकर नष्ट किए गए, ताकि भविष्य में इनका कोई गलत कार्य में प्रयोग न हो सके। वर्तमान में ई-स्टांप प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में पेपर स्टांप पांच हजार रुपये तक के सुरक्षित रखे गए हैं।

# महिला टीचर पर शिखा काटने और तिलक मिटाने का आरोप, जांच में जुटे अधिकारी

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** माध्यमिक विद्यालय कांजीखेड़ा की इंचार्ज अध्यापिका फरहाना खातून एक गंभीर आरोप के घेरे में आ गई हैं। कक्षा 06 में पढ़ने वाले छात्र देवांश ने अध्यापिका पर उसकी शिखा (चोटी) काटने और तिलक मिटवाने का आरोप लगाया है। मामला उस वक्त सुर्खियों में आया, जब पीड़ित छात्र अपनी बहन आरती के साथ थाना तितावी पहुंचा और अध्यापिका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की मांग की। देवांश ने मीडिया से बातचीत में बताया कि वह प्राथमिक विद्यालय कक्षा 06 का छात्र है और रोजाना पूजा कर तिलक लगाकर स्कूल जाता था। आरोप है कि अध्यापिका फरहाना ने उसका चौटा जबरन काट दिया और तिलक मिटाने को मजबूर किया। देवांश का कहना है कि जब उसने इस बात की शिकायत अपनी दीदी से की और वह स्कूल आईं, तो अध्यापिका ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया और अन्य छात्रों से भी उन्हें अपशब्द कहलवाए। देवांश की बहन आरती ने भी अध्यापिका पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मैडम उनके भाई को लगातार प्रताड़ित कर रही थीं। कभी तिलक को लेकर आपत्ति जताई जाती तो कभी चोटी को लेकर। आरती का आरोप है कि शिकायत करने पर फरहाना खातून उनके भाई को पीटती थीं और अन्य छात्रों से भी पिटवाती थीं। उन्होंने यह भी बताया कि अध्यापिका ने छात्र की ट्रांसफर सर्टिफिकेट काट दी और कहा कि वह उसे नहीं पढ़ाएंगी। इन आरोपों पर इंचार्ज अध्यापिका फरहाना खातून ने मीडिया के सामने सफाई दी। उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि देवांश का हाल ही में एडमिशन हुआ था और गांव खेड़ी दूधाधेड़ी से वह स्कूल आया था। अध्यापिका का कहना है कि देवांश की अन्य छात्रों से पहले से अनबन थी, और वह साइकिल से बच्चों को गिराता था। इसी बात को लेकर बच्चों ने उसके परिवार से शिकायत की, जिस पर उल्टा बच्चों को गालियां दी गईं। फरहाना का कहना है कि उनके पास स्टाफ और अन्य छात्र-छात्राओं के बयान मौजूद हैं, जो उनके पक्ष को साबित करते हैं। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारी को जांच सौंप दी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में छात्र की चोटी काटने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जांच के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



# बीबीए के छात्र पर गोली मारने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बीबीए के छात्र को गोली मारने के मामले में मुख्य आरोपी को एटूजेड रोड से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

क्षेत्राधिकारी रुपाली राव ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिन पूर्व रात्रि में मौहल्ला बचन सिंह कालोनी में हमलावरों ने छात्र यश शर्मा को गोली मार दी थी। हमलावरों ने छात्र को गोली मारने से पहले समर पर फायरिंग भी की थी, लेकिन वह हमले में बाल-बाल बच गया था। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने एटूजेड रोड पर वारदात के मुख्य आरोपी अमन निवासी भोकरहेड़ी हाल निवासी अंकित विहार को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी अमन गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल आरोपी से एक तमंचा व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। वारदात में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके अलावा अन्य फरार आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।





# 15 घंटे के अन्दर ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत

**खतौली, 17 मई (बु.)।** मात्र 15 घंटे के अंतराल में दो अलग-अलग भीषण दुर्घटनाओं में दो युवकों की ट्रेन से हुई भिड़ंत में दर्दनाक मौतों से परिजनों में कोहराम मच गया। बीती देर रात्रि कोतवाली क्षेत्र की नई आबादी कालोनी स्थित श्री झारखंड महादेवालय के निकट रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। प्रातः रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा देख लोगों की भारी भीड़ जुट गयी। नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया। मृतक की पहचान जाहिद उर्फ भूरा पुत्र इकबाल निवासी मल्लूपुरा थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। मृतक वर्तमान में खतौली में अपने रिश्तेदार के यहा रह रहा था। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया गया। वहीं दूसरी तरफ शनिवार को दोपहर रेलवे के मालगाड़ी ट्रेक पर एक मालगाड़ी की चपेट में आकर एक 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस के प्रयास से मृतक की पहचान राजू पुत्र शिव कुमार निवासी सैनी नगर कॉलोनी थाना खतौली के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया। मात्र 15 घंटे के अन्तराल पर रेलवे ट्रेक पर दो युवकों की दर्दनाक मौत की वारदातों से नगर में सनसनी फैल गयी।



# बीएसए के निरीक्षण में बंद मिला बीआरसी केन्द्र भैंसी

**घोर अनियमितता पर जताई नाराजगी, मांगा स्पष्टीकरण**

**मुजफ्फरनगर, 17 मई (बु.)।** शिक्षा विभाग की दशा और दिशा में सुधार कराने की खातिर जिले में शिक्षा विभाग के अधिकारी धरातल पर उतरे हुए हैं। इस कड़ी में शैक्षिक गुणवत्ता व विद्यालयों में मिड डे मील भोजन तथा साफ सफाई एवं पेयजलापूर्ति आदि को परखने के लिए बीएसए लगातार औचक निरीक्षण पर हैं। शनिवार को बीएसए के निरीक्षण में जनपद का एक बीआरसी केन्द्र ही बंद मिला। बीएसए ने इसको लेकर यहां पर तैनात स्टाफ से जवाब तलब करते हुए कड़ी नाराजगी जताई है।

शनिवार को बीएसए संदीप कुमार शिक्षा स्तर का सच जानने की खातिर विकास खंड खतौली क्षेत्र अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च विद्यालयों का निरीक्षण पहुंचे। इस दौरान उन्हें निरीक्षण में कई खामियां मिली और बच्चों की उपस्थिति पंजीकरण से कम मिलने के कारण उन्होंने स्कूलों के इंचार्ज अध्यापकों को बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। निरीक्षण की इस कड़ी में बीएसए संदीप कुमार क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय खानूपुर में पहुंचे, जहां निरीक्षण के दौरान प्रातः 9.23 बजे उनके द्वारा किए गए उपस्थिति पंजिका अवलोकन में समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। वहीं नामांकित कुल 139 बच्चों के सापेक्ष 118 बच्चे उपस्थित पाये गए। यहां इंचार्ज अध्यापिका ने बताया कि स्कूल के वर्तमान समरसेबल की लाइन खराब होने के कारण मल्टीपल्स हैंडवॉश यूनिट व शौचालय में रनिंग वाटर की सुविधा नहीं है, जिसे ठीक कराने के निर्देश दिए। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंसी के निरीक्षण के दौरान एक सहायक अध्यापिका एवं एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अवकाश पर मिले। यहां कुल 114 बच्चों के सापेक्ष 92 बालक-बालिकाएं मौजूद मिले और पेयजलापूर्ति भी बेहतर थी। प्राथमिक विद्यालय भैंसी-2 के निरीक्षण में सभी स्टाफ मौजूद रहने के साथ ही 91 बच्चों के सापेक्ष 80 बच्चे यहां उपस्थित रहे। बीएसए के निरीक्षण में ब्लॉक संसाधन केंद्र बीआरसी कार्यालय भैंसी का औचक निरीक्षण किया जहां प्रातः 10.08 बजे पहुंचने पर भी बीआरसी केन्द्र भैंसी पर ताला बंद पाया गया। बीएसए ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समय से उपस्थित न होने के कारण समस्त कार्यालय स्टाफ से जवाब तलब करते हुए बड़ी कार्यवाही की बात कही है।


